>**Title:**Regarding killing of Nakharella tribals in the Purnea district of Bihar.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद) (बिहार): सभापति महोदय, मैं एक अतिमहत्वपूर्ण विषय की ओर इस सदन का ध्यान आपके माध्यम से दिलाना चाहता हूं। विषय यह है कि बिहार के पुर्णिया जिले में नखरैला आदिवासियों के गांव को जलाकर राख कर दिया गया है। आठ आदिवासियों को आग में जिन्दा जला दिया गया है। इनमें तीन बच्चे, दो महिलायें और तीम पुरुष हैं। बिहार में इस तरह का यह अकेला गांव नहीं है। इसी जिले के बगल में सहरसा जिला है, यहां युवा ईमानदार पुलिस अधिकारी (DSP), श्री सत्यपाल, की हत्या आतताइयों से मुठभेड़ में हो गई है।

जिस व्यक्ति के यहां अपराधी ठहरे थे वह व्यक्ति राजद की युवा इकाई का अध्यक्ष था, उसके घर अपराधी ठहरे थे।

… (व्यवधान)

पुलिस के साथ मुठभेड़ हुई।

… (व्यवधान)

महोदय, यह बहुत महत्वपूर्ण मामला है।

… (व्यवधान)

श्री प्रभुनाथ सिंह : महोदय, यह बहुत महत्वपूर्ण सवाल है।

… (व्यवधान)

सभापति महोदय : उन्होंने सवाल उठा दिया, अब आप क्यों खड़े हो गए?

… (व्यवधान)

श्री प्रभुनाथ सिंह : हम आपकी परमिशन लेकर खड़े हो रहे हैं।

… (व्यवधान)

सभापति महोदय : आपका नोटिस नहीं है। उन्होंने जब ठोस ढंग से, जानदार ढंग से सवाल उठा दिया तो आप फिर क्यों खड़े हो रहे हैं?

… (व्यवधान)

श्री प्रभुनाथ सिंह : सभापति जी, हम यह कहना चाहते हैं कि बिहार के एक थाने में दारौगा की हत्या हुई।

… (व्यवधान)

सभापति महोदय : आपको बोलने की इजाजत नहीं है, आपका नोटिस नहीं है।

… (व्यवधान)

श्री प्रभुनाथ सिंह : वहां दारौगा की हत्या कर दी गई।

… (व्यवधान)

इस तरह पूरे बिहार में हत्याएं की जा रही हैं।

... (व्यवधान)

महोदय, मेरा यह कहना है कि पूरे बिहार में हत्याएं की जा रही हैं।

... (व्यवधान)

सभापति महोदय : जब एक माननीय सदस्य ने सवाल उठा दिया तो सभी उस विषय पर नहीं बोलेंगे।

... (व्यवधान)

श्री प्रभुनाथ सिंह : महोदय, यह मामला बहुत गंभीर है।

... (व्यवधान)

सभापति महोदय : अब जो यह बोलेंगे वह रिकार्ड में नहीं जाएगा।

(व्यवधान) ...।

श्री लाल मुनी चौबे (बक्सर) : महोदय, एक आदिवासी का घर जलाया गया, जिसमें आठ बच्चे मारे गए।

... (व्यवधान)

एक नौजवान पुलिसकर्मी की हत्या की गई। ... (व्यवधान)

सभापति महोदय : आपने सूचना नहीं दी इसलिए आपका रिकार्ड में नहीं जाएगा।

(व्यवधान) ।

श्री राम नाईकः सभापति जी, माननीय सदस्यों ने जो कहा है वह एक गंभीर घटना दिखती है इसलिए मैं आश्वासन देता हूं कि इसमें दखल देने के लिए मैं आपकी ओर से गृह मंत्री जी को तुरंत जानकारी दे दूंगा।